# सिविल अस्पताल का प्रतीक्षा हॉल बना भर्ती वार्ड

## 30 मरीजों की भर्ती क्षमता वाला बनाया था भवन और भर्ती 80 मरीज

**शुजालपुर, 13 सितंबर. सिविल अस्पताल शुजालपुर परिसर में प्रवेश करते ही यहां पर नजारा ऐसा दिखाई देता है जैसे भीड़ भाड वाले किसी जगह पर आ गए हो.**



भवन और परिसर तो अच्छा है लेकिन व्यवस्थाएं लगाम में नहीं है और हो भी तो कैसे जब 30 मरीजों के लिए बनाए गए इस अस्पताल में मजबूरीवश 80 मरीज भर्ती करने पड़ रहे हो. इस अस्पताल परिसर के भू तल से लेकर तीसरी मंजिल तक अव्यवस्थित नजारा दिखता है क्योंकि इस परिसर को जितने मरीजों की क्षमता के लिए बनाया गया था उस क्षमता से लगभग तीन गुना ज्यादा मरीज यहां पर भर्ती हो रहे है. उधर ओपीडी के समय में काउंटरों पर भीड़ इस तरह दिखाई देती है जैसे किसी महानगर के रेलवे स्टेशन की टिकिट खिडक़ी हो. यह स्थिति कई महिनों से सिविल अस्पताल शुजालपुर मंडी की बनी हुई है और आगे भी इसी तरह के हालात बने होते दिखाई दे रहे है क्योंकि मंडी अस्पताल में सिटी का सिविल अस्पताल भी संचालित हो रहा है. वरिष्ठ कार्यालय के निर्देश पर दोनों अस्पतालों को एक साथ संचालित तो किया जा रहा है. लेकिन मरीजों व चिकित्सकों को काफी परेशानी उठानी पड़ रही है.

### 9 माह की बच्ची के शव को कुत्ते खींच ले गए थे

सिविल अस्पताल मंडी में पक्का पीएम रूम नहीं है यहां पर लोहे की चद्दरों से पृथक पीएम रूप बनाया गया है. इस पीएम रूम में रखे गए 9 माह की बच्ची के शव को कुछ माह पूर्व कुत्ते खीचकर ले गए थे, इस बच्ची का शव उसकी माँ के साथ कुए से मिला था. जिसके चलते पुलिस ने शव परीक्षण के लिए शव का पीएम रूप में रखवाया था और पुलिस जब अगले दिन पहुंची तो बच्ची का शव रूम में नहीं था, कुछ देर तलाशने के बाद शव पीएम रूप से सटी हुई नाली में मिला था, जिसे कुत्ते खीच कर ले गए थे. हालांकि उस घटना के बाद इस पीएम रूम की मरम्मत कराई गई थी. भर्ती वार्डो के अलावा परिसर के तीन मंजिला भवन में बने सभी मंजिलों के प्रतिक्षा हाल में पलंगे लगी हुई है

### इनका कहना है

सिविल अस्पताल सिटी का भवन तोड देने और इसका नवनिर्माण किए जाने के कारण मंडी सिविल अस्पताल में दोनों अस्पतालों की व्यवस्थाएं संचालित हो रही है. जिसके चलते क्षमता से अधिक मरीज भर्ती करना पड़ रहे है. मरीजों की भर्ती व्यवस्था के लिए अतिरिक्त वैकल्पिक व्यवस्था की गई है. जगह के आभाव के कारण मरीजों को परेशानी जरूर होती है फिर भी चिकित्सक अपनी क्षमता अनुसार कार्य कर रहे है.

- डॉ. शारदा रामसरिया, प्रभारी सिविल अस्पताल शुजालपुर

# सिंधिया ने कार्यकर्ताओं को गेट से किया बाहर

▸ शिलान्यास कार्यक्रम में समर्थकों की भीड़ बढ़ी थी



**मुरैना, 13 सितम्बर. केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने कार्यकर्ताओं को शिलान्यास कार्यक्रम के दौरान गेट से बाहर कर दिया. सिंधिया पोस्ट ऑफिस पासपोर्ट सेवा केंद्र भवन का भूमिपूजन और शिलान्यास कार्यक्रम में पहुंचे थे.**

इस दौरान भीड़ ज्यादा हो गई, वहां जगह कम थी. जगह कम होने की वजह से पुलिस कार्यकर्ताओं को अंदर नहीं जाने दे रही थी. इसी को लेकर पुलिस और कार्यकर्ताओं के बीच जोर आजमाइश भी हुई. यह जब केंद्रीय मंत्री सिंधिया को पता चला तो खुद केंद्रीय मंत्री पुलिस कर्मियों की सहायता के लिए आगे आए और कार्यकर्ताओं को बाहर कर दिया.

### सिंधिया का जनता ने किया अभिवादन

इस कार्यक्रम में सिंधिया के अलावा विधानसभा अध्यक्ष नरेंद्र सिंह तोमर, प्रभारी मंत्री करण सिंह वर्मा और कृषि मंत्री एदल सिंह कंसाना भी पहुंचे थे. सिंधिया ने पोस्ट ऑफिस पासपोर्ट सेवा केंद्र भवन का भूमि पूजन और शिलान्यास किया. इसके बाद वह टाउन हॉल में आयोजित प्रधानमंत्री सुकन्या योजना कार्यक्रम में भी शामिल हुए. सिंधिया के इस कार्यक्रम को लेकर प्रशासन की तरफ से पहले ही तैयारियां कर ली गईं थीं. बीजेपी कार्यकर्ताओं ने जगह-जगह पोस्टर लगाकर मंत्री का स्वागत किया. वहीं कार्यक्रमों में शामिल होने पर सिंधिया का जनता और कार्यकर्ताओं ने भी अभिवादन भी किया.

# एयर बैलून में सुरक्षा मानकों का पूर्ण पालन : गर्ग

### भ्रामक जानकारी फैलाने के मामले का खंडन



**मंदसौर, 13 सितम्बर. कुछ मीडिया माध्यमों में एयर बैलून के संबंध में भ्रामक और तथ्यहीन जानकारी प्रसारित की जा रही थी.**

इस संदर्भ में कलेक्टर अदिति गर्ग ने स्पष्ट किया है कि एयर बैलून संचालन में किसी प्रकार की सुरक्षा चूक नहीं हुई है और माननीय मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव केवल एयर बैलून स्थल का निरीक्षण करने पहुंचे थे. कलेक्टर ने बताया कि हॉट एयर बैलून (गर्म हवा का गुब्बारा) उड़ान भरने हेतु आवश्यक वैज्ञानिक प्रक्रिया का अनुसरण करता है. इसमें गुब्बारे के भीतर की हवा को गर्म कर ऊपर उठने और तैरते रहने की क्षमता प्रदान की जाती है. पूरी प्रक्रिया में सुरक्षा के सभी मानकों का पालन किया गया है और किसी भी प्रकार की असावधानी नहीं बरती गई. अदिति गर्ग ने नागरिकों से अनुरोध किया कि वे सोशल मीडिया या अन्य माध्यमों पर प्रसारित असत्य व भ्रामक खबरों पर ध्यान न दें. उन्होंने कहा कि प्रशासन सुरक्षा को लेकर पूरी तरह सतर्क है और ऐसी अफवाहों से बचते हुए आधिकारिक जानकारी पर ही भरोसा करें.

> कलेक्टर ने यह भी कहा कि एयर बैलून पर्यटन के क्षेत्र में एक आकर्षक पहल है, जिससे क्षेत्र की पहचान बढ़ेगी और पर्यटन गतिविधियों को बढ़ावा मिलेगा. प्रशासन सभी आवश्यक व्यवस्थाएँ सुनिश्चित कर पर्यटन स्थल को सुरक्षित और सुविधाजनक बनाने के लिए प्रतिबद्ध है.

## कलेक्टर के निर्देश पर पकड़ी देशी शराब

**खंडवा.** जिले के आबकारी विभाग लंबे समय से निष्क्रिय है. लगातार देसी शराब बिकने और ठेके वालों द्वारा भी मर्जी के मालिक होने की खबरें हैं. अधिक मूल्य पर शराब भी बिक रही है. प्रचार प्रसार के लिए सांकेतिक बोर्ड तो नियमों का मखौल उड़ा रहे हैं. ठेकेदारों को मनमानी का लाइसेंस नहीं मिला है. उन्हें केवल निर्धारित मूल्य पर ही कई शर्तों के बाद शराब विक्रय का काम मिला है जिनका वहपालन नहीं कर रहे हैं और आबकारी विभाग चुपचाप सह रहा है. आबकारी विभाग के सुस्ती के कारण ठेकेदारों ने अपने ही लठैत मजबूरी में रख लिए हैं. वे पुलिस वालों की तरह काम कर रहे हैं.

# फसल की स्थिति को देखने खेतों में पहुंची कलेक्टर

**शाजापुर, 13 सितंबर. बीते दिनों किसानों की समस्या और फसलों के खराब होने को लेकर मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने किसान चौपाल लगाई थी. इस दौरान किसानों से हुई चर्चा के बाद पीला मोजेक रोग से सोयाबीन की फसल खराब होने की बात सामने आई थी.**



इस पर मुख्यमंत्री ने तत्काल सर्वे कराकर नुकसानी की जानकारी जुटाने के आदेश दिए थे. जिसके पश्चात कलेक्टर ऋजु बाफना ने उन क्षेत्रों का निरीक्षण किया, जहां फसलें खराब हुई है तथा संबंधित विभागों को सर्वे के आदेश जारी कर दिए हैं.गौरतलब है कि मुख्यमंत्री कालापीपल विधानसभा के गांव खड़ी में खराब हुई फसलों को देखने के लिए किसानों के बीच आए थे. उन्होंने किसानों की फसलों का जल्द ही सर्वे करवाकर जो नुकसान हुआ है उसके उचित सर्वे करने निर्देश प्रशासन को दिए थे. सीएम के आदेशानुसार शाजापुर कलेक्टर ऋजु बाफना ने आदेश का पालन करते हुए खुद खेतों में पहुंचकर खराब हुईफसलों का जायजा लिया तथा सभी एसडीएम, कृषि विभाग के अधिकारी एवं पटवारियों को सर्वे करने का आदेश दिए हैं.

### पटवारी करेंगे सर्वे

जिन क्षेत्रों में फसलें खराब हुई है उनके लिए कलेक्टर ने निर्देश जारी किए हैं कि संयुक्त टीम बनाकर सर्वे किया जाएगा. जिसमें एसडीएम के साथ कृषि अधिकारी और पटवारी शामिल होंगे. हर हाल में यह संयुक्त टीम दस दिन के भीतर सर्वे की रिपोर्ट प्रस्तुत करेंगे. सर्वे के पश्चात पता पढेगा कि कितनी प्रतिशत फसलों का नुकसान हुआ है. हालांकि जिले में अन्य विस क्षेत्र की तुलना में शाजापुर विधानसभा में फसलों को कम नुकसान बताया जा रहा है.

# अवैध होर्डिंग के खिलाफ करें सख्त कार्रवाई

### नवागत निगमायुक्त ने सभी विभाग प्रमुखों की ली बैठक

**जबलपुर, 13 सितम्बर. शहर में लगे अवैध होर्डिंग्स को चिन्हित कर जानकारी प्रस्तुत करें. उच्च स्तरीय पानी की टंकियों के निर्माण में गुणवत्ता से किसी प्रकार का कोई समझौता नहीं किया जाएगा.**

सीएम हैल्पलाइन के प्रकरणों पर संतुष्टि के साथ 100 प्रतिशत हर हाल में निराकरण किया जाए. आमजन की सुरक्षा के लिए शहर के जर्जर भवनों का पता करके उसे ढहाया जाए. ये बातें नवागत निगमायुक्त रामप्रकाश अहिरवार ने सभी विभागों के विभागीय प्रमुखों के साथ ली गई बैठक में कहीं.



### डुमना नेचर पार्क से भी आय अर्जित करें

सभी विभागों के प्रमुखों के साथ स्मार्ट सिटी कार्यालय में समीक्षा बैठक के दौरान निगमायुक्त ने डुमना नेचर पार्क से भी आय अर्जित करने के उपाय करने उद्यान अधिकारी को निर्देश भी दिए और साथ ही शहर में सीवरेज कार्यों की भी प्रगति देखकर निगमायुक्त ने हाउस होल्ड कनेक्शन पर विशेष फोकस करने और गुणवत्ता के साथ रिस्टोरेशन का कार्य कराने अधिकारियों को निर्देश दिए. बैठक में सभी अधिकारियों को निगम की आय में वृद्धि करने के संबंध में कार्य करने ,सोचने और समझने और ठोस उपाय करने के सख्त निर्देश दिये. बैठक में समस्त अपर आयुक्त, उपायुक्त, अधीक्षण यंत्री एवं विभागीय प्रमुख आदि उपस्थित रहे.

# अपने पूर्व स्थान पर ही लगेगी पूर्व विधानसभा अध्यक्ष की मूर्ति

**नवभारत न्यूज**

**रीवा,** 13 सितम्बर, पूर्व विधानसभा अध्यक्ष, विंध्य नायक स्व. श्रीनिवास तिवारी की मूर्ति स्थल को लेकर विवाद जो शुरू हुआ था वह थम गया है. गुढ़ मार्ग स्थित पुलिस लाइन चौराहे में लगाई जा रही मूर्ति को लेकर पहले पुलिस विभाग द्वारा आपत्ति करते हुए निर्माण कार्य रोक दिया गया था. लेकिन अब सहमति बन चुकी है और उसी स्थान पर मूर्ति लगाई जाएगी. शनिवार की सुबह नगर निगम की टीम पहुंची और डिप्टी कमिश्नर ननि की मौजूदगी में नापजोख किया गया और रोका गया निर्माण कार्य पुन: शुरू कर दिया गया. 17 सितम्बर को श्रीनिवास तिवारी की 100 वीं जन्म शताब्दी के अवसर पर मूर्ति का अनावरण किया जायेगा. बुधवार को पुलिस विभाग के अधिकारियों ने पहुंचकर चल रहे काम को रोक दिया था और कहा था कि यह जमीन उनकी है यहा मूर्ति नही लगेगी. जब मामला तूल पकड़ा और कांग्रेस नेताओं ने कटुनिंदा करते हुए कहा कि 17 सितम्बर को रीवा की जनता-जनार्दन यह तय करेगी कि मूर्ति कहा लगेगी. भाजपा नेताओं ने भी बयान जारी किये और सांसद जनार्दन मिश्रा ने शनिवार को कहा मूर्ति लगनी चाहिए.

# प्रभावित हर खेत का सर्वे करवायें : प्रभारी मंत्री

### कॉलेज एवं जिला चिकित्सालय में आमजन को स्वास्थ्य सुविधाएं दें

**रतलाम. 13 सितंबर. जिले के प्रभारी मंत्री एवं मध्यप्रदेश शासन जनजातीय कार्य, लोक परिसंपत्ति प्रबंधन, भोपाल गैस त्रासदी राहत एवं पुनर्वास विभाग, मंत्री डॉ. कुंवर विजय शाह ने एक बैठक ली.**

इसमें जिले में अतिवृष्टि एवं सोयाबीन फसल पर पीला मोजेक से हुई क्षति के संबंध में एवं जिले से संबंधित अन्य विशेष मुद्दों पर कलेक्टर, एसपी सहित संबंधित अधिकारियों की बैठक लेकर चर्चा कर आवश्यक निर्देश दिए. बैठक में कलेक्टर राजेश बाथम, पुलिस अधीक्षक अमित कुमार, एडीएम डॉ शालिनी श्रीवास्तव सीईओ जिला पंचायत श्रृंगार श्रीवास्तव, नगर निगम कमिश्नर अनिल भाना सहित संबंधित विभाग के अधिकारी उपस्थित थे. बैठक में प्रभारी मंत्री डॉ शाह ने निर्देश दिए कि जिले में अतिवृष्टि एवं पीला मोजेक से हुई फसल क्षति का सर्वे करवायें। जिले के सभी गांव और सभी खेतों का सर्वे होना चाहिए ।किसानों को राहत राशि भी नियमानुसार उपलब्ध करवाने की कार्यवाही करें.

### व्यवस्थाओं को सतत निरीक्षण करवाए

जिले के मेडिकल कालेज एवं जिला चिकित्सालय में आमजन को सरकार की मंशा अनुसार स्वास्थ्य सुविधाएं, स्वच्छ वातावरण, स्वच्छ पेयजल उपलब्ध करवाना शासन का दायित्व है, व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने के लिए एडीएम /एस डी एम/ तहसीलदारो से सतत निरीक्षण करवायें। सभी कार्यालयों में शासकीय सेवकों को तनाव मुक्त, स्वच्छ वातावरण उपलब्ध करवायें जिससे शासकीय सेवक अच्छे से और मन लगा के काम कर सके। बैठक में पुलिस को जिले में कानून व्यवस्था बनाये रखने एवं थानो पर पुलिस जवानों के लिए तनाव मुक्त वातावरण में काम करने के लिए आवश्यक संसाधन उपलब्ध करवाने के निर्देश दिए.

# चाकू मारकर हत्या करने वाले मुख्य आरोपी को किया गिरफ्तार

▸ पुलिस ने दो आरोपियों को पहले ही पकड़ लिया था

**सतना, 13 सितंबर. जिले के मझगवां थाना क्षेत्र अंतर्गत देवलहा में तीन दिन पहले चाकू मार कर हत्या किए जाने की घटना पर पुलिस ने कार्रवाई करते हुए मुख्य आरोपी को गिरफ्तार कर लिया.**

इस मामले में शामिल रहे दो आरोपियों को पुलिस ने गुरुवार को ही दबोच लिया था. मझगवां के ग्राम देवलहा में 9 सितंबर की शाम गुड्डा मवासी नामक व्यक्ति की चाकू मार कर हत्या किए जाने की घटना सामने आई थी. मृतक की पत्नी पूनम मवासी की शिकायत के आधार पर पुलिस ने प्रकरण दर्ज कर आरोपियों की तलाश शुरु कर दी थी. पुलिस द्वारा की जा रही तलाया के दौरान यह जानकारी सामने आई कि संदिग्ध मोटरसाइकिल से 3 लोगों को मझगवां की ओर जाते देखा गया है. जिसे देखते हुए पुलिस द्वारा साइबर सेल की मदद ली गई. प्राप्त जानकारी के आधार पर पुलिस टीम ने गुरुवार को पिण्डरा बांध तालाब की मेड़ से आरोपी कंस कुमार मवासी 33 वर्ष और शिवशंकर मवासी 34 वर्ष दोनों निवासी मडुलहाई बरौंधा को मोटरसाइकिल समेत गिरफ्तार कर लिया था. इसके साथ ही मुख्य आरोपी की तलाश सरगर्मी से की जा रही थी.

# साइबर अपराध और मेडिकल नशा चुनौती

## नए डीआईजी हेमंत चौहान ने रीवा पहुंचकर किया पदभार ग्रहण

**रीवा, 13 सितम्बर, रीवा रेंज के नए डीआईजी हेमंत चौहान ने शनिवार को रीवा पहुंचकर पदभार ग्रहण कर लिया. कार्यालय में अधिकारियों एवं कर्मचारियों से परिचय प्राप्त करने के बाद मीडिया से चर्चा की.**



2010 बैच के आईपीएस अधिकारी चौहान ने कहा कि साइबर अपराध और मेडिकल नशा एक चुनौती है. दोनो पर सशक्त कार्यवाही की जायेगी.

साइबर अपराध तेजी से बढ़ रहा है इसके लिये लोगो को जागरूक करने का भी काम किया जायेगा ताकि लोग उसका शिकार न हो और मेडिकल नशे को जड़ से खत्म करने के लिये सभी के सहयोग से काम किया जायेगा. जिसमें समाज की भूमिका बहुत जरूरी है. इसके साथ ही पुलिसिंग व्यवस्था बेहतर रहे कानून का पालन हो, अपराधो पर अंकुश लगे इस पर विशेष फोकस रहेगा. साथ ही उन्होने कहा कि थाना प्रभारी सहित अधिकारी सही तरीके से अपने दायित्व का पालन कर रहे है कि नही, थाना पहुंचने वाले फरियादी की शिकायत दर्ज हो यह भी देखा जायेगा. ताकि ऊपर के अधिकारियों तक शिकायते न पहुंचे. डीआईजी चौहान इसके पूर्व दमोह एवं नार्थ भोपाल में पुलिस अधीक्षक रह चुके है और विभिन्न पदो पर भी रहे है. उन्होने बताया कि पदभार ग्रहण करने के साथ तमाम जिलो के एसपी से बात करेगे और बेहतर कानून व्यवस्था हो, इसके लिये हर संभव प्रयास किया जायेगा.

# 1831 किसानों को वितरित की 277 .8 मीट्रिक टन यूरिया खाद

**रीवा, 13 सितम्बर. जिले के डबल लॉक केन्द्रों तथा सहकारी समितियों से किसानों को खाद दी जा रही है. वितरण केन्द्रों में किसानों को ऋण पुस्तिका के आधार पर टोकन दिया जाता है.**

टोकन में दर्ज दिनांक को किसान निर्धारित मात्रा में खाद संबंधित केन्द्रों से प्राप्त कर रहे हैं. आज 13 सितंबर को 1831 किसानों को 277.8 मीट्रिक टन यूरिया खाद का वितरण किया गया. डबल लॉक केन्द्र चाकघाट में 220 किसानों को 31.5 मीट्रिक टन, डबल लॉक केन्द्र चोरहटा में 1140 किसानों को 186 मीट्रिक टन तथा उमरी में 471 किसानों को 60 मीट्रिक टन खाद का वितरण किया गया. अभी गुढ़ में 82 मीट्रिक टन, जवा में 85 मीट्रिक टन तथा उमरी में 24.15 मीट्रिक टन खाद शेष है. इसके साथ ही जिले को प्राप्त खाद में से निजी उर्वरक विक्रेताओं को विक्रय के लिए 499.5 मीट्रिक टन यूरिया खाद उपलब्ध कराई गई है. मऊगंज जिले में 13 सितंबर को 130 किसानों को 25 मीट्रिक टन यूरिया खाद का वितरण किया गया. डबल लॉक केन्द्र मऊगंज में 130 किसानों को 25 मीट्रिक टन यूरिया खाद वितरित की गई. प्राप्त जानकारी के अनुसार मऊगंज में 73.09 मीट्रिक टन व हनुमना डबल लॉक केन्द्र में 81.095 मीट्रिक टन खाद शेष है.

## महापौर ने की स्वास्थ्य शाखा के कार्यों की समीक्षा

**सतना, 13 सितम्बर.** महापौर योगेश कुमार ताम्रकार ने नगर की समग्र स्वास्थ्य व्यवस्था को और अधिक सुदृढ़ बनाने के उद्देश्य से महापौर कक्ष में स्वास्थ्य विभाग की बैठक ली.

बैठक के दौरान शहर की स्वच्छता व्यवस्था, रोग नियंत्रण, शुद्ध पेयजल आपूर्ति तथा बेहतर चिकित्सा सुविधाएँ उपलब्ध कराने पर विस्तार से चर्चा की गई. महापौर ने संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश प्रदान करते हुए कहा कि हमारा दृढ़ संकल्प है कि प्रत्येक नागरिक को स्वस्थ, स्वच्छ और सुरक्षित वातावरण उपलब्ध हो तथा नगर निगम की सेवाओं में किसी भी प्रकार की कमी न आने पाए.

**आयोजन** ▸ करदाताओं को बकाया करों की राशि जमा करने पर भारी छूट प्रदान की

# लोक अदालत : 6 करोड़ से अधिक की राशि जमा

**जबलपुर, 13 सितम्बर. शनिवार को नगर निगम मुख्यालय एवं सभी संभागीय कार्यालयों में नेशनल लोक अदालत का आयोजन किया गया. इस दौरान करदाताओं को बकाया करों की राशि जमा करने पर भारी छूट प्रदान की गई जिसका लाभ लेने करदाताओं ने उत्साह दिखाया.**



शाम 8 बजे तक 7500 से अधिक करदाताओं ने बकाया कर जमा कर नगर विकास में सहभागिता दी. करदाताओं ने 6 करोड़ 10 लाख रूपये से अधिक की राशि नगर निगम के ख़ज़ाने में जमा कराई. आज सभी संभागीय कार्यालयों में राजस्व प्रभारी एवं एम.आई.सी. सदस्य डॉ. सुभाष तिवारी ने निरीक्षण किया. निरीक्षण के दौरान उन्होंने करदाताओं से बातचीत की और सभी संभागीय अधिकारियों को निर्देशित किया कि करदाताओं को किसी प्रकार की कोई असुविधा न हो. उन्होंने अधिकारियों को भी निर्देशित किया.

### 1494 प्रकरणों का हुआ निराकरण

सिंगरौली. राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण नई दिल्ली तथा म.प्र. राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जबलपुर के निर्देशानुसार एवं प्रधान जिला न्यायाधीश हितेंद्र सिंह सिसोदिया के मार्गदर्शन में आज दिन शनिवार 13 सितंबर को वर्ष की तीसरी नेशनल लोक अदालत का आयोजन जिला न्यायालय बैढ़न सिविल न्यायालय देवसर तथा सरई में आयोजित किया गया. जहां 1494 प्रकरणों का निराकरण हुआ. जिले में नेशनल लोक अदालत का शुभारंभ प्रधान जिला न्यायाधीश सिसौदिया और अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष बृजेंद्र देव पांडेय द्वारा महात्मा गांधी की प्रतिमा पर दीप प्रज्वलन तथा माल्यार्पण कर किया गया. शुभारंभ में समस्त न्यायाधीशगण, अधिवक्तागण, जिला न्यायालय के समस्त कर्मचारीगण मौजूद रहे. नेशनल लोक अदालत में निराकृत प्रकरणों के लिए अलग-अलग स्टॉल लगाये गये थे. जहां नगर पालिक निगम सिंगरौली, बिजली विभाग, बैंक के अलावा न्यायालय के प्रकरणों को लेकर भी स्टॉल लगाये गये थे.

## 4 तेंदुओं का मूवमेंट, मंदिर व फैक्टरी प्रबंधन ने लगाए चेतावनी पोस्टर

**जबलपुर.** केंद्रीय सुरक्षा संस्थान जीसीएफ (गन कैरिज फैक्ट्री) और पाटबाबा मंदिर के पास के जंगलों में पिछले कुछ दिनों से तेंदुआ की दहशत लोगों में खासी व्याप्त है. इस इलाके में करीब 4 तेंदुए की लगातार मूवमेंट को गंभीरता से लेते हुए पाट बाबा मंदिर समिति के और जीसीएफ प्रबंधन ने मंदिर के गेट और आसपास के मुख्य जगहों पर चेतावनी के पोस्टर लगा दिए हैं जिसमें अपील की गई है कि अंधेरा होने के बाद और अकेले मंदिर परिसर के पास न घूमें। उधर मंदिर समिति की सूचना के बाद वन विभाग की टीम और फैक्टरी के सुरक्षा गार्ड भी लगातार निगरानी बनाए हुए हैं.

# भीम आर्मी का चक्काजाम, 20 पर प्रकरण दर्ज, फंसी एंबुलेंस

**शिवपुरी 13, सितंबर. जिले के कॉलेज चौराहा पर भीम आर्मी के कार्यकर्ताओं द्वारा चक्का जाम किया गया. इस दौरान प्रशासन से ज्ञापन न लेने की शिकायत को लेकर प्रदर्शन हुआ.**

जाम करीब दो घंटे तक चला, जिसमें एंबुलेंस और डायल-112 के वाहन फंस गए और मरीज की जान पर खतरा मंडराया. साथ ही बस और अन्य वाहनों में सवार यात्रियों को भी गंभीर परेशानी का सामना करना पड़ा. भीम आर्मी का कहना था कि वे नशा मुक्त और भ्रष्टाचार मुक्त अभियान के तहत ज्ञापन देने पहुंचे थे लेकिन एसडीएम ममता शाक्य मौके पर नहीं थीं, जिससे कार्यकर्ता नाराज हो गए और उन्होंने कॉलेज चौराहे पर जाम लगा दिया. शिवपुरी और चंदेरी मार्ग पर वाहनों की लंबी कतारें लग गईं. पुलिस और प्रशासन ने जाम हटाने की अपील की, लेकिन कार्यकर्ता नहीं माने. रात करीब 8 बजे एसडीएम ममता शाक्य और पुलिस अधिकारी मौके पर पहुंचे और ज्ञापन प्राप्त किया, जिसके बाद जाम समाप्त हुआ. घटना के बाद पुलिस ने भीम आर्मी के जसरथ बौद्ध, करन सिंह, नीरज वंशकार, आलोक बौद्ध और बृजलाल जाटव सहित 15 से 20 अज्ञात लोगों के खिलाफ बीएनएस की धारा 126(2), 132 और 190 के तहत प्रकरण दर्ज किया है.